# कार्यालय-जनपद न्यायाधीश, बुलन्दशहर।

## कार्यालय विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र सं० 14/Admin-(D) Section दिनांकित 15.10.2022 के माध्यम से पूर्व में निर्गत परिपत्र संख्या -41/Admin- (D) Section, दिनांकित 14.04.1980 के अनुक्रम में जनपद न्यायालयों से सेवानिवृत कर्मचारियों में से निम्नांकित प्रतिबंधों के अधीन पुनर्नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

1. उक्त सेवानिवृत जिला न्यायालय के कर्मचारियों की आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
2. एतद्वारा पुनर्नियुक्ति किसी रिक्त पद पर एक बार में एक वर्ष तक के लिए की जा सकेगी, अथवा जब तक कि वास्तविक रिक्ति को भरने के लिए, पदोन्नित या सीधी भर्ती के माध्यम से, रिक्ति पूर्ति न हो जाये, अथवा पुनर्नियुक्ति कर्मचारी 65 वर्ष की आयु प्राप्त न कर ले, जो भी पहले होगा।
3. उक्त पुनर्नियुक्ति पद पर परिलब्धियों के रूप में भुगतान की गई राशि अंतिम आहरित वेतन के मूलधन में से पेंशन की राशि को घटाकर होगी।
4. उक्त पुनर्नियुक्ति का निर्धारण आवेदक / सेवानिवृत्त कर्मचारी के भूतकाल के सेवा अभिलेखों एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टियों के आधार पर किया जायेगा।

आवेदक अपना आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर दिनांक 12.08.2025 की सांय 04:30 बजे तक प्रशासनिक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप प्रशासनिक कार्यालय, जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर से किसी भी कार्यदिवस में कार्यावधि के दौरान प्राप्त कर सकते हैं।

| S.I. No. | Post Name | Vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Stenographer Cadre | 2 |
| 2. | Group-C, Clerk Cadre | 50 |
| 3. | Group-D Cadre | 80 |
| Total | | 132 |

उक्त कार्यालय विज्ञप्ति व आवेदन-पत्र का प्रारूप समस्त न्यायालय कर्मचारियों के मध्य परिचालित करायी जाये। सार्वजनिक प्रकाशन हेतु न्यायालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये, एक प्रति माननीय उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड करायी जाये।

एक प्रति जिला सूचना अधिकारी, बुलन्दशहर को समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

(मंजीत सिंह श्योराण)
अध्यक्ष, सेवानिवृत्त कर्मचारियों
की पुनर्नियुक्ति हेतु चयन समिति/
जनपद न्यायाधीश,
बुलन्दशहर।
01.08.2025

## जनपद न्यायालय, बुलन्दशहर में रिक्त विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु
## सेवानिवृत्त कर्मचारी द्वारा आवेदन–पत्र

नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ

1. नाम कर्मचारी :-

2. पिता का नाम :-

3. स्थानीय आवास का पता :-

4. मोबाइल नंम्बर एवं ईमेल आईडी, यदि कोई हो :-

5. स्थायी आवास का पता :-

6. पद एवं जनपद न्यायालय का नाम, जहां से जिस पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, सेवानिवृत्त होने की तिथि सहित। :-

7. यदि आपके विरूद्ध कोई अभियोग, अथवा अन्य कोई गैर न्यायिक जांच लम्बित है, तो विवरण अंकित करें। :-

8. अन्य कोई विवरण :-

दिनांक

हस्ताक्षर, आवेदक कर्मचारी